>

Title: Need to increase the frequency of Yashwantpur-Muzaffarpur Express (train nos. 15227 and 15288).

श्री निखिल कुमार चौधरी (कटिहार): सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मेरे संसदीय क्षेत्र के एक बहुत लोकमहत्व के विषय को उठाने की इजाजत दी है।

महोदय, मैं कटिहार क्षेत्र से आता हूं। कटिहार एनएफ रेलवे का डिविजनल हैड क्वार्टर है, लेकिन बहुत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि वहां से दक्षिण भारत की ट्रेनें एक स्टेशन से ले कर पांच-छह रेलवे स्टेशनों से हो कर गुजरती हुई चली जाती हैं और वहां के लोग जो दक्षिण भारत जाना चाहते हैं, उनके लिए ट्रेन रुकती ही नहीं है। वहां बड़ी संख्या में लोग दक्षिण भारत की तरफ तीर्थ यात्रा के लिए तो जाते ही हैं, बड़ी संख्या में लोग चेन्नई में शंकर नैत्रालय आंख के इलाज के लिए जाते हैं, पढ़ाई के लिए जाते हैं, चिकित्सा के लिए वैल्लोर जाते हैं और अन्य कार्यों के लिए भी जाते हैं, इसलिए इसका प्रमण्डलीय क्षेत्र जिसमें सहरसा है, कोसी-पूर्णिया का क्षेत्र है, जिसमें कटिहार, पूर्णिया, सहरसा, किशनगंज, सुपोल, मधेपुरा और बगल में नेपाल है, इन क्षेत्रों के लोग दक्षिण भारत जाना चाहते हैं, लेकिन बहुत मुश्किल होती है।

इसलिए मैं रेल मंत्री जी से मांग करता हूं और मैं रेल मंत्री जी से मिला भी हूं और बजट में कहा भी है, लेकिन इसके बावजूद मुझे यहां बोलना पड़ रहा है कि लोग काफी परेशानी में हैं, गुस्से में हैं कि ट्रेन जा रही है, लेकिन वहां रुकती नहीं है। हमारे पास दो-दो पाथ हैं। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि जो ट्रेन गुवाहटी से चलती है, इसे बारसोई होता हुआ, मुकरिया, सालमाड़ी, सौनेली, दंडखोरा होते हुए कटिहार लाया जाए और कटिहार से कुमेदपुर होता हुआ मालदा की तरफ ले जाया जाए। मैं उन ट्रेनों का जिक्र करना चाहता हूं जो ट्रेनें वहां जानी चाहिए। ये ट्रेनें गुवाहटी से त्रिवेन्द्रम एक्सप्रेस 12515–12516 (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Hon. Member, there is no need of mentioning every train number.

श्री निखिल कुमार चौधरी : इसके बाद गुवाहटी से एर्नाकुलम, 12507– 12508 गुवाहटी से मंगलौर, 12509-12510 ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: You have already made your point. It is enough.

श्री निखिल कुमार चौधरी: एनजेपी से चेन्नई...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: You have already mentioned it.

श्री निखिल कुमार चौधरी: मुझे एक मिनट का समय दीजिए। यशवंतपुर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस,15227Â - 15228 जो हमारे यहां से चलती है और सप्ताह में एक दिन चलती है। मैं इसे सप्ताह में तीन दिन चलाने की मांग करता हूं।